आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 28.09.2026 समय : 1905

<><><><><><><><>

- भारत आज साहसिक सैन्य कार्रवाई की दसवीं वर्षगांठ मना रही है।
- आयुष्मान भारत स्कूल स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के तहत शिक्षकों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई।
- हिन्दी पखवाड़ा–2026 के कार्यक्रमों के तहत सचिवालय के सभागार में एक हिन्दी कार्यशाला आयोजित की गई।
- केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ प्रवीण राज के नाम पर नई ईल प्रजाति का नाम रखा गया।

<><><><><><><><>

भारत आज उस साहसिक सैन्य कार्रवाई की दसवीं वर्षगांठ मना रहा है जिसके तहत भारत सरकार की आतंकवाद विरोधी नीति का दुनिया के सामने एक नया उदाहरण प्रस्तुत किया गया था। आज से दस वर्ष पूर्व अट्ठाईस और उन्तीस सितंबर की रात को भारतीय सेना ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नियंत्रण रेखा के पार आतंकवादी लॉन्च पैड पर लक्षित सर्जिकल स्ट्राइक को अंजाम दिया था। यह सैन्य कार्रवाई उसी महीने हुए उरी आतंकवादी हमले के प्रत्यक्ष और निर्णायक जवाब में की गई थी जिसमें उन्नीस भारतीय सैनिक शहीद हो गए थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आकाशवाणी पर कल प्रसारित अपने मन की बात कार्यक्रम में दो हजार सोलह के इस अभियान को एक ऐतिहासिक मील का पत्थर बताया था।

<><><><><><><><>

शिक्षा मंत्रालय और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए आयुष्मान भारत स्कूल स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के तहत श्री विजयपुरम के राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, एबर्डीन में शिक्षकों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। शिक्षा निदेशालय के विज्ञान विभाग द्वारा स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के सहयोग से आयोजित इस कार्यशाला में तीनों जिलों के सरकारी और सहायता प्राप्त विद्यालयों के पचहत्तर शिक्षकों ने स्वास्थ्य एवं कल्याण राजदूत के रूप में भाग लिया। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विद्यालयों का शैक्षणिक दौरा भी किया गया और शिक्षा निदेशालय के कार्यालय प्रमुख ज्ञान शील दुबे ने मुख्य अतिथि के रूप में इसका समापन करते हुए सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए।

<><><><><><><><>

दिव्यांगजन कौशल विकास, पुनर्वास एवं अधिकारिता समग्र क्षेत्रीय केंद्र ने जी.बी. पंत अस्पताल, माय भारत और टेली–मानस के सहयोग से बुक्शाबाद स्थित केंद्र परिसर में दिव्यांगजनों और उनके देखभाल करने वालों के लिए मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम एवं सामान्य स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में केंद्र की निदेशक सुमितामोल एस. ने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य देखभाल के महत्वपर प्रकाश डाला, जबकि विभिन्न चिकित्सा और प्रशासनिक विभागों के विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को तनाव प्रबंधन, भावनात्मक कल्याण और समय पर व्यावसायिक मदद लेने के बारे में जागरूक किया। विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर आयोजित इस सत्र के दौरान साठ से अधिक दिव्यांगजनों और उनके परिजनों ने स्वास्थ्य जांच व परामर्श का लाभ उठाया।

<><><><><><><><>

हिन्दी पखवाड़ा–2026 के कार्यक्रमों के तहत सचिवालय के सभागार में एक हिन्दी कार्यशाला आयोजित की गई। इस अवसर पर राजभाषा विभाग के उपसचिव राजेंद्र इंद्वार ने स्वागत भाषण देते हुए उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों से कार्यशाला का पूरा लाभ उठाने का आग्रह किया। कार्यशाला के पहले सत्र में वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी एस. मोहनदास ने राजभाषा नीति, अधिनियम, नियमों और नोडल अधिकारियों के कर्तव्यों की जानकारी दी, जबकि दूसरे सत्र में कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी अजय सिंह ने तिमाही प्रगति रिपोर्ट तैयार करने की प्रक्रिया और शासकीय कार्यों में ई–टूल के उपयोग पर

प्रस्तुति दी। इस कार्यशाला में सचिवालय और अंडमान तथा निकोबार प्रशासन के विभिन्न विभागों के उपसचिवों, सहायक सचिवों, राजभाषा नोडल अधिकारियों और संबंधित सहायकों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉक्टर जे. प्रवीणराज को भारतीय मछली वर्गीकरण और जैव विविधता अनुसंधान में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए एक नई ईल प्रजाति का नाम उनके नाम पर रखकर सम्मानित किया गया है। कोच्चि के समुद्री जीवित संसाधन और पारिस्थितिकी केंद्र के वैज्ञानिक डॉक्टर परमशिवम कोडिश्वरन ने रूसी विज्ञान अकादमी के संस्थान के सहयोग से अरब सागर में कोल्लम तट के पास छह सौ मीटर की गहराई से खोजी गई कॉग्रिड ईल की इस नई प्रजाति का नाम एरियोसोमा प्रवीणी रखा है।

<><><><><><><>

शैक्षणिक सत्र दो हजार छब्बीस से अट्ठाइस के लिए डी एल एड पाठ्यक्रम में रिक्त तीन सीटों को भरने के लिए तीसरी काउंसलिंग का आयोजन किया जा रहा है। मानविकी और विज्ञान संकाय के अंतर्गत विभिन्न श्रेणियों की इन रिक्त सीटों के लिए काउंसलिंग तीस सितंबर को सुबह साढ़े नौ बजे से साढ़े दस बजे तक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जिला शिक्षा एवं प्रतिशण संस्थान, गाराचरामा के सभागार में होगी। मानविकी संकाय के अंतर्गत श्रेणी चार की एक और विज्ञान संकाय के अंतर्गत श्रेणी पांच की दो रिक्त सीटों के लिए योग्य अभ्यर्थियों को काउंसलिंग के लिए बुलाया गया है।

<><><><><><><>

जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय के पर्यटन विभाग ने विश्व पर्यटन दिवस के उपलक्ष्य में मरीना पार्क बीच पर सफाई अभियान चलाया गया और मध्योत्तर अंडमान के पर्यटन विकास पर एक संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया। महाविद्यालय के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने तट से प्लास्टिक और अन्य कचरा एकत्र कर उसे उचित निपटान के लिए नगरपालिका परिषद को सौंप दिया गया। संगोष्ठी के मुख्य उद्घाटन भाषण में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ पर्ल देवदास ने आतिथ्य और अतिथि सेवाओं में तकनीक के महत्व पर विचार रखे जबकि वन विभाग, पर्यटन विकास निगम और पर्यटन संघ के वक्ताओं ने स्कूबा डाइविंग, भविष्य की सरकारी योजनाओं तथा पर्यटन क्षेत्र की नई संभावनाओं पर विस्तृत जानकारी दी।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला परिषद के अध्यक्ष पी. उमर ने वंडूर वार्ड संख्या चार में नवनिर्मित सीमेंट कंक्रीट सड़क का लोकार्पण किया। इस उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रजनीश कुमार सिंह ने की तथा इसमें विभिन्न स्थानीय जनप्रतिनिधि, अभियंता और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। इस अवसर पर अध्यक्ष ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर सड़क संपर्क और बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराना परिषद की प्राथमिकता है ताकि निवासियों का दैनिक आवागमन सुगम हो सके और उन्हें स्वास्थ्य, शिक्षा तथा बाजारों तक पहुंचने में सुविधा मिले।

<><><><><><><>